आकाशवाणी श्री विजयपुरम

23.05.2025 समय : 1850

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एमएसएमई की योजनाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए महत्वपूर्ण रूप से संशोधन किया गया है।
- राष्ट्रीय जीवन रक्षक सोसायटी ने द्वीपों में साहसिक जलक्रीड़ा गतिविधि के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की है।
- दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने चाथम–बम्बूफ्लाट पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर आदेश जारी किया है।
- समाज कल्याण निदेशालय की ओर से जूम संचार मंच के माध्यम से एक वेबिनार आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग के जिला उद्योग केंद्र ने भारत सरकार द्वारा एक प्रमुख नीति घोषणा की है, जिसका उद्देश्य द्वीपसमूह में उद्यमी समुदाय सहित देश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एमएसएमई की परिभाषा में अधिक समावेशन, व्यापार करने में आसानी और सहायता योजनाओं तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए महत्वपूर्ण रूप से संशोधन किया गया है। संशोधित परिभाषा स्थानीय उद्यमियों और व्यवसायों के लिए वित्तीय सहायता, सरकारी सब्सिडी और खरीद वरीयताओं तक बेहतर पहुंच के साथ विकास के नए रास्ते खोलती है। क्रेडिट गारंटी योजना को अपग्रेड किया गया है, अब 10 करोड़ रुपये तक का क्रेडिट दिया जा रहा है और 1 करोड़ रुपये से अधिक की गारंटी के लिए वार्षिक गारंटी शुल्क में और कमी करके इसे 5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड शुरू करने की घोषणा की है, जिसमें प्रत्येक कार्ड पर पहले वर्ष में 5 लाख रुपये की सीमा होगी। उद्यम पोर्टल में पंजीकृत मौजूदा उद्यमी भी अपनी इकाइयों को नई परिभाषा के अनुसार वर्गीकृत करने के लिए अपने उद्यम प्रमाणपत्रों को अपडेट कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उद्यमी जिला उद्योग केंद्र, उद्योग परिसर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत वी आई रोड स्थित महिला एवं बाल विकास नियंत्रण कक्ष में जूम संचार मंच के माध्यम से एक वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को उनकी ज़रूरत के अनुसार हेल्पलाइन सहायता पहुंचाना था। सत्र के दौरान, हेल्पलाइन प्रशासक ने डब्ल्यू एच एल–181 ने डब्ल्यू सी डी नियंत्रण कक्ष के कार्यों और द्वीपसमूह में महिलाओं की आपातकालीन और सहायता सेवाओं के लिए समर्पित महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में जानकारी दी। कॉल ऑपरेटरों ने हिंसा, उत्पीड़न और घरेलू दुर्व्यवहार का सामना करने वाली महिलाओं को तत्काल सहायता, मार्गदर्शन के बारे में 24•7 घंटे टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों और सेवाओं पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

अग्नि सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार निकोबार के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग की ओर से क्षेत्र के सभी 15 गांवों में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए डोरस्टेप प्रशिक्षण अभियान शुरू किया गया। इस सिलसिले में टीम ने परका गांव में 11 दुकानों का निरीक्षण किया और 37 मालिकों और कर्मचारियों को अग्निशामक उपकरण के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सुरक्षा दिशा–निर्देशों को सुदृढ़ करने के लिए पर्चे भी वितरित किए।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िले में अनुबंध के आधार पर सागर मित्रों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए विज्ञान में बारहवीं पास होना आवश्यक है। साथ ही उम्मीदवार को कम्प्यूटर का ज्ञान भी होना चाहिए। स्थानीय मछुआरा बस्ती के उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीदवार दस्तावेजों के साथ ग्यारह जून शाम चार बजे तक अपने आवेदन सीधे या डाक के जरिए क्षेत्रीय मत्स्य, कार्यालय कार निकोबार के सहायक निदेशक के पास जमा कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को पन्द्रह हजार रूपये प्रतिमाह का मानदेय प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><>

राष्ट्रीय जीवन रक्षक सोसायटी के समन्वय एवं परामर्श से द्वीपसमूह में फ्लाई बोर्ड और वाटर जेट पैक साहसिक जलक्रीड़ा गतिविधि के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने कहा है कि एसओपी में सुरक्षा प्रक्रियाओं, पर्यवेक्षण, वाटर जेट पैक, फ्लाई–बोर्ड, उपकरण, मैन पावर, ब्रीफिंग प्रक्रिया की आवश्यकताओं की रूपरेखा दी गई है। मानक संचालन प्रक्रिया' मसौदा को आम जनता, पर्यटन हितधारकों, विभिन्न विभागों की जानकारी और उनकी प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। एसओपी सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। सभी फीडबैक पच्चीस जून तक निदेशालय को प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने चाथम–बम्बूफ्लाट पुल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर आदेश जारी किया है। ये अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके तहत अब भारी वाहन केवल 20 मिट्रिक टन तक के भार के साथ ही इस पुल से गुजर सकेंगे। साथ ही वाहनों की गति सीमा 30 किलोमीटर प्रतिघंटे होनी चाहिए। इस अधिसूचना में कहा गया है कि ट्रांसपोर्ट एजेंसियां और पुलिस विभाग ये सुनिश्चित करें कि इसका कड़ाई से पालन हो।

<><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी में मिड स्तरीय स्वास्थ्य प्रदाता के पद पर होने वाली लिखित परीक्षा स्थगित की गई है। अब यह परीक्षा एक जून को जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों से छब्बीस मई तक अटलांटा प्वाइंट स्थित राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी से हॉल टिकट प्राप्त करने को कहा गया है।

उधर, डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में लैब अटेंडेंट के पद पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में चयनित और प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवारों की सूची भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>

नयाबस्ती क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई का कार्य किए जाने के कारण कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती पैनल वी फीडर और शोलबे–फरारगंज फीडर में सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगी।

इसके अलावा, कालापत्थर के नजदीक एच टी लाईनों और एल टी लाईनों के रख–रखाव का कार्य तथा नींबूबगीचा में बिजली के खंभे के निर्माण कार्य के चलते कल बिजली की कटौती की जाएगी। कटौती टाइगर फीडर से सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक की जाएगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर रहेगा।

<><><><><><>

पुलिस स्टेशन बाराटांग के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कल अडाज़िग में एक पुलिस बूथ का उद्घाटन किया गया। पुलिस अधिकारी श्वेता के. सुगाथन ने रंगत के एस डी पी ओ चंदन जी.एस., बाराटांग थाना प्रभारी सुरजीत भट्टाचार्जी, और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया। अडाज़िग पुलिस बूथ की स्थापना लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए की गई है, जिन्हें शिकायत दर्ज कराने या पुलिस सहायता लेने के लिए बाराटांग थाने तक पहुँचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। पुलिस बूथ के उद्घाटन के साथ, स्थानीय जनता अब पुलिस सेवाओं तक बेहतर पहुँच बना सकती है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के स्कूलों में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जो अट्ठाईस मई तक चलेगा। इस शिविर का उद्देश्य भारत की भाषाई विरासत को मजबूत करना है। शिविर के पहले दिन का विषय था "मूलभूत अभिवादन और भाव, अक्षर, संख्याएँ, हस्ताक्षर,'' जबकि दूसरे दिन का विषय था "आभासी शहर भ्रमण और वास्तविक जीवन की बातचीत"। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के सदस्य भाग ले रहे हैं।

<><><><><><>

मत्स्य निदेशालय द्वारा अंडमान निकोबार मरीन फिशिंग रूल 2004 के तहत जारी विज्ञप्ति के अनुसार द्वीपसमूह के कुछ एक समुद्री क्षेत्रों में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मत्स्य विभाग ने मछुआरों से कहा है कि वे इस नियम का सख्ती से पालन करें।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक श्री विजयपुरम में अट्ठारह दशमलव चार मिलीमीटर, हटबे में चौदह दशमलव छः, लांग आइलैंड में दो दशमलव दो और मायाबंदर में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले तीन दिनों के मौसम के अनुसार द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को पच्चीस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>